Regarding inclusion of Lambadi Banjara Community in Eighth Schedule

श्री बलराम नाइक पोरिका **(महबूबाबाद) :** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सदन के सामने एक महत्वपूर्ण मुद्दा रखना चाहता हूं । लम्बाड़ी बनजारा कम्युनिटी है और यह कम्युनिटी पूरे भारत में है । इसकी पापुलेशन 12 करोड़ से 16 करोड़ है । इस कम्युनिटी को अलग राज्यों में अलग तरह से पुकारा जाता है, लेकिन इनकी बोली एक ही है । जैसे लोग हिंदी बोलते हैं, वैसी ही इनकी एक ही बोली है । इस मांग को लेकर दिल्ली में धरने हो चुके हैं और कई राज्यों में भी धरने हो चुके हैं।

मेरी मांग है कि इस कम्युनिटी को आठवें शैड्यूल में शामिल करना चाहिए । भारत में लम्बाड़ी जाति की 16 करोड़ पापुलेशन है । मैं आपके माध्यम से सरकार से रिक्वेस्ट करता हूं कि इस जाति को कुछ भी करके आठवें शैड्यूल में मिलाया जाए ।